


नवभारत
भोपाल, मंगलवार 13 जनवरी, 2026



# 23 साल से श्रमदान फिर भी बेबस, सरकार से उम्मीद

**2050 को दृष्टिगत रखते हुए अधिक क्षमता का उचित तकनीक के एसटीपी प्लांट लगाए जाएं**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 12 जनवरी, बेतवा नदी पर पिछले 23 साल से श्रमदान चल रहा है. इसके बाद भी बेतवा नदी साफ नही हुई है. नदी की सफाई के लिए जागरूकता रैली निकाली, धरना दिया जा चुका है. कई संगठनों ने नदी की हिफाजत के लिए काम किया. अब 2050 की रूपरेखा तैयार की गई है.जिसमें सरकार से उम्मीद जताई जा रही है कि वह इस प्रोजेक्ट पर काम करे.**

श्रमदानियों का दावा है कि श्रमदान के पूर्व बेतवा तट से निकलना भी दूभर था .अब लगभग वर्ष भर पानी भरा रहता है. श्रमदान के महायज्ञ से ही बेतवा तट पर पांच पार्क बनाए गए हैं इनका रखरखाव पानी देना श्रमदानी नियमित रूप से करते हैं. नदी की ज्वलंत समस्याओं की ओर प्रशासन जनप्रतिनिधियों एवं नगर की जनता का ध्यान आकर्षण कराने 23 वर्ष में पहली बार आक्रोशित होकर समिति सदस्यों ने माधवगंज पर धरना दिया. धरना स्थल पर समिति सदस्यों पर आम नागरिकों ने चोर घाट नाले सहित पांच अन्य गंदे नालों के माध्यम से नगर का सीवेज, गंदा पानी नदी को प्रदूषित कर रहा है . चोर घाट नाले पर एसटीपी प्लांट अवश्य निर्माण हो रहा है लेकिन उसकी क्षमता बहुत कम है एवं मानक के अनुसार पानी स्वच्छ होने की संभावना भी नहीं है. आगामी 2050 को दृष्टिगत रखते हुए अधिक क्षमता का उचित तकनीक के एसटीपी प्लांट लगाए जाए यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. की किसी प्रकार का गंदा पानी बिना ट्रीटमेंट के नदी में प्रवाहित न होने की बात कही. धरने पर वक्ताओं ने अप स्ट्रीम में स्थित मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय के एसटीपी प्लांट सदैव चालू हालत में रहे. यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. पीलिया नाले के माध्यम से हरीपुरा क्षेत्र का गंदा पानी सीधे नदी में प्रवाहित हो रहा है . पीलिया नाले पर एक एसटीपी प्लांट की स्थापना किया जाना आवश्यकता एवं नदी के दोनों और तेजी से मिट्टी का कटाव बढ़ रहा है समय रहते कटाव को नहीं रोका गया तो अधिक वर्षा के दौरान रामघाट से नदी का पानी शहर की ओर आएगा. जिससे नगर में बाढ़ के हालात पैदा होंगे एवं जनधन की हानी संभावित है. कटाव को रोकने के लिए नदी के दोनों और सघन वृक्षारोपण किया जावे पर जोर दिया गया.

राजकुमार ने बताया की समिति के मार्गदर्शक डॉ. सुरेश गर्ग द्वारा धरना स्थल पर गांधी वादी विचारधारा के तहत दो घण्टे का मौन धरना दिया गया. सांकेतिक धरने मे सशील अग्रवाल, नीलकण्ड पण्डित, डॉ. राधेश्याम विश्वकर्मा, रघुवीर सिंह राठौर, कार्तिक सैनी, संजय पाण्डे, मोहन कुमार जैन, गोपाल खण्डेलवाल, जिनेश जैन मुनीम, हरीनारायण राठोर, एड जितेन्द्र दुबे, रमेश मोदी, विशाल जैन, जय प्रकाश चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र शाह, संजय सेठ, सुरेन्द्र सिंह कुशवाह, दिनेश सक्सैना, मुकुन्द कद्रे, आर. के. कुलश्रेष्ठ, कल्लु वीआईपी, नवीन कुमार जैन, अशोक करतारिया, धर्मेन्द्र सिंह कुशवाह, शैलेन्द्र सिंह राठौर, कमल जैन ने अपनी उपस्थिति जीवन दायिनी माँ बेतवा को बचाने हेतु अभियान में सहयोग दिया गया.

### विसर्जन कुंड का निर्माण किया जाए

मूर्ति विसर्जन के लिए व्यवस्थित वृहद विसर्जन कुंड का निर्माण किया जाए. जिससे शत् प्रतिशत मूर्तियां एवं अन्य निर्माल्य सामग्री कुंड में ही विसर्जित की जाए. नवीन पुल पर दोनो ओर जाली लगाई जाये जिससे पुल के उपर से फिकने वाला निर्माल्य नदी में गिरे की बात के साथ बड़ वाले घाट पर महिलाओं के चेंजिंग रूम एवं घाट के निकट शौचालय का निर्माण किया जावे आदि बेतवा नदी की समस्याओं के निराकरण हेतु उद्बोधन समिति अध्यक्ष अशोक गोयल, संरक्षक अतुलरतन शाह, पूर्व वित्त मंत्री राघवजी भाई, हिन्दु उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष अतुल तिवारी, एल गोयल, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी, सुभाष बोहत, हितेन्द्र रघुवंशी, संतोष नेमा, विनोद शाह, केएन. गुप्ता, सोहेल खान,प्रवेश शर्मा, डॉ. आर एन. शुक्ला, मनमोहन शर्मा, सुनील जैन, आदि वक्ताओं द्वारा दिया गया. संचालन कर रहे समिति सचिव राजकुमार अग्रवाल सभी नागरिकों से बेतवा बचाओं अभियान में सहयोग की अपील करते हुये कहा हम प्रतिदिन बेतवा का पानी पीते हैं. बेतवा विदिशा की जीवन धारा है, लेकिन गैर जिम्मेदारी के कारण यह गंदे नाले में तब्दील होती जा रही है. इसके बचाव एवं सदा नीरा रखने नगर वासियों की जागरूकता एवं चिंता आवश्यक है.यह सिर्फ नदी ही नहीं शहर वासियों की माँ है जीवन दायिनी है. माँ का कर्ज चुकाने के लिए बेतवा उत्थान समिति द्वारा एक धरना आयोजित किया गया था.

# 159 साल पुरानी कब्र पर पड़ी बुरी नजर

**1857 की ऐतिहासिक कब्र से अतिक्रमण, पत्थर शिला तोड़े जाने पर उठा सवाल**



नवभारत न्यूज

**विदिशा/ग्यारसपुर 12 जनवरी, नगर में वर्ष 1857 की ऐतिहासिक विरासत से जुड़ा मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार, अंग्रेज शासनकाल में एक अंग्रेज अधिकारी की मृत्यु के बाद उसे उसी गांव में दफन किया गया था. दफन स्थल पर पत्थर की शिला स्थापित थी, जिस पर संबंधित व्यक्ति का नाम और सन 1857 अंकित था. यह शिला लंबे समय से ऐतिहासिक साक्ष्य के रूप में मौजूद थी.**

ग्यारसपुर बस स्टैंड के पास तरफदार मार्केट के नजदीक स्थानीय व्यक्ति के द्वारा भवन निर्माण के दौरान सिलापट्टी को तोड़ दिया है एवं अतिक्रमण कर लिया. शिला को तोड़ दिए जाने की घटना सामने आई है. इससे ग्रामीणों और इतिहास प्रेमियों में रोष व्याप्त है.लोगों का कहना है कि यह केवल जमीन का मामला नहीं, बल्कि देश के इतिहास से जुड़ी धरोहर को नुकसान पहुंचाने जैसा है. कानूनी जानकारों के अनुसार, 100 वर्ष से अधिक पुराने किसी भी स्मारक, कब्र या ऐतिहासिक स्थल को नुकसान पहुंचाना दंडनीय अपराध है.भारतीय दंड संहिता की धारा 297 के तहत कब्र या दफन स्थल को क्षति पहुंचाने पर एक वर्ष तक की कैद या जुर्माने का प्रावधान है.वहीं प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्व स्थल अधिनियम, 1958 के अंतर्गत भी दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो सकती है. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर अतिक्रमण हटाया जाए और स्थल को संरक्षित घोषित किया जाए। मामले को लेकर तहसील व पुरातत्व विभाग को भी अवगत कराया गया है. अब देखना होगा कि प्रशासन इस ऐतिहासिक धरोहर की रक्षा के लिए क्या कदम उठाता है. इस संबंध में जब तहसीलदार सौरव मालवीय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि में इस की पटवारी को भेज कर जांच कराता हूं, जांच के बाद नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी.

## विदिशा मिर्जापुर बायपास पर देखा गया तेंदुआ

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शहर और आसपास के इलामे व गुलाबगंज क्षेत्र में बाघ की मूवमेंट से दहशत का माहौल है. बीती रात बंटी नगर की एक निजी कॉलोनी के पास तेंदुआ दिखाई दिया जिसको लेकर लोग घबरा गए और वन विभाग को सूचित किया. फॉरेस्ट की कई टीमें क्षेत्र में सर्चिंग लाइट के माध्यम से गस्त कर रही रही है. .बीती रात डीएफओ हेमंत यादव भी टीम के साथ क्षेत्र में निकले और तेंदुआ की मूवमेंट को सर्च किया. वन विभाग ने क्षेत्र वासियों को सतर्क रहने की सलाह दी है. डीएफओ ने कहा कि कई जगहों पर कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं. पुलिस और वन विभाग की टीमें निगरानी बनाए हुए हैं.

# खुले में मांस विक्रय ना करने की दी समझाइश



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, थाना सिरोंज अंतर्गत संचालित स्लाटर हाउस, चिकिन, मटन शॉप के संचालकों की सोमवार को थाना सिरोंज में बैठक का आयोजन किया गया. इस दौरान सभी संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये. जिसमें मांस के परिवहन, खुले में मांस विक्रय किसी भी परिस्थिति में ना करने की समझाईश दी गई.**

साथ ही नियमों का पालन ना करने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही. बैठक में अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोनू डावर, सीएमओ रामप्रकाश साहू, थाना प्रभारी विमलेश राय मौजूद रहे.

# सूर्य नमस्कार प्राणायाम योगाभ्यास को बच्चे अपनी दिनचर्या में करें शामिल- तिवारी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** शासकीय उत्कृष्ट उमाविद्यालय मे आयोजित किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 0 बजे राष्ट्रीय गीत, बन्देमातरम् तथा मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन हुआ.तत्पश्चात पूर्व की भांति रेडियों के माध्यम से मुख्यमंत्री का रिकॉर्डेड संदेश प्रसारित किया गया.सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का योगाभ्यास योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी विकास खंड योग प्रभारी द्वारा सम्पन्न कराया गया .कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य, रक्त सेवा समिति संस्थापक राजेश तिवारी ने हर आसन, प्राणायाम, योगाभ्यास से होने वाले विभिन्न लाभ बच्चो को बताऐ ताकि वो इसे अपनी दिनचर्या मे शामिल कर सके. एसडीएम ने सूर्य नमस्कार को सभी आसनो का राजा बताते हुऐ हर रोज नियमित आधा घंटा योग सूर्य नमस्कार प्राणायाम को देने की बात कही. एसडीओपी ने ध्यान को आत्मा के लिऐ अनिवार्य बताते हुऐ उसकी महत्ता समझाई.कार्यक्रम संचालन डी के औझा ने जबकि आभार एन सी सी अधिकारी अनिल दुबे ने व्यक्त किया.इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रूपेन्द्र शर्मा,तहसीलदार , सी ई औ , बी इ औ परता अहिरवार, बी आर सी बृजेंद्र सिंह रघुवंशी आदि शामिल हुए.



# योग से स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती पर सोमवार को सांदीपनि शाला सिरोंज में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार कर योग व स्वस्थ जीवन का संदेश दिया.कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का संदेश सुनाया गया. इस दौरान युवाओं से योग अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की गई. साथ ही स्वामी विवेकानंद जी के शिकागो भाषण के विचारों को स्मरण करते हुए युवाओं को आत्मविश्वास और लक्ष्यबद्ध जीवन का संदेश दिया गया.कार्यक्रम में नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा, जनपद सीईओ, सीएमओ रामप्रकाश साहू, प्राचार्य महेश ताम्रकार, बीआरसी जितेंद्र श्रीवास्तव, सत्यनारायण शर्मा, भारती सक्सेना, अर्चना मेहरा, संजय सोनी सहित छात्र-छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे.

# विवेकानंद जयंती व स्व . शांति देवी की स्मृति में 35 यूनिट रक्तदान किया



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कायस्थ सभा एवं समस्त कार्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में विवेकानंद जयंती एवं समाजसेवी स्वर्गीय शांति देवी श्रीवास्तव की स्मृति में रक्तदान महादान, जीवनदान शिविर का आयोजन शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त धर्मशाला स्थित लाल बहादुर शास्त्री सभागार में किया गया. कार्यक्रम का सिविल सर्जन डॉ. अनूप वर्मा, नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुशवाह सहित अतिथियों एवं रक्तदाताओं द्वारा किया गया. शिविर में कुल 35 यूनिट रक्तदान हुआ. कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि 25 पुरुष एवं 10 महिलाओं ने रक्तदान किया. सभी रक्तदाताओं व ब्लड बैंक टीम को स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र प्रदान किए गए. खेल प्रतिभा सम्मान मानस व आयुष्मान श्रीवास्तव को दिया गया। चित्रगुप्त पीठ मंत्र लेखन साधकों में उपेंद्र श्रीवास्तव प्रथम, रामनारायण सक्सेना द्वितीय एवं राजेश सक्सेना तृतीय रहे. जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक टीम को भी सम्मानित किया गया. वहीं कायस्थ सभा के पदाधिकारियों ने स्वामी विवेकानंद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई. कायस्थ सभा के पूर्व अध्यक्ष शरद श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला.

# सिरोंज में इसी वर्ष से होगा खेल महोत्सव

**नपा ने खेल महोत्सव कराने के प्रस्ताव को दी मंजूरी**

**शहर में नवीन खेल मैदान बनाने की भी योजना**

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, नगरपालिका द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिये खेल महोत्सव का शहर में आयोजन कराया जावेगा. जिसके तहत शहर के विभिन्न शासकीय एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया जावेगा. इस हेतु नगरपालिका परिषद द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है. वही नगर पालिका द्वारा शहर में एक नवीन खेल मैदान बनाए जाने की भी योजना है.** शहर में खेलों को बढ़ावा देने के लिए तथा खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए नगरपालिका द्वारा खेल महोत्सव आयोजित कराई जाने की योजना बनाई जा रही है. सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि नगर के सभी स्कूलों का प्रतिवर्ष खेल महोत्सव कराये जाने के प्रस्ताव को नपा परिषद द्वारा मंजूरी दी गई है. जिसके तहत शहर के निजी एवं शासकीय विद्यालयों के कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों के बीच विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन कराया जावेगा. जिससे खेल प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिल सकेगा. उन्होंने बताया कि यह खेल महोत्सव इसी वर्ष से आयोजित कराने की योजना है. जिसके लिए नगरपालिका द्वारा शिक्षा विभाग को पत्र भी लिखा जा रहा है. उन्होंने बताया कि खेल महोत्सव के दौरान खो-खो, कबड्डी सहित ओलंपिक के विभिन्न खेलों की नगर में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कराने की योजना है. इस दिशा में जल्द ही कार्य किया जावेगा. तथा इसी वर्ष से नगर में खेल स्पर्धाओं का आयोजन कराया जावेगा.




### शहर में बनेगा नवीन खेल मैदान

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में एक नवीन खेल मैदान बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है. सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि नगर पालिका द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को प्रस्ताव भेजकर नवीन खेल मैदान हेतु भूमि आवंटित कराने की मांग की जावेगी. जिसके बाद शहर में एक नवीन खेल मैदान का भी निर्माण कराया जावेगा.

# सौंसेरा मंडल में हिंदू सम्मेलन संपन्न, जाति-पाति छोड़ एकता का आह्वान

नवभारत न्यूज

**त्योंदा,** हिंदू समाज को मजबूत बनाने के लिए जाति-पाति की विदाई आवश्यक है. जब हम हम सब हिंदू, हम सब भाई-भाई' के भाव से आगे बढ़ेंगे, तभी समाज अपनी वास्तविक शक्ति को पहचान पाएगा.हिंदू समाज जैसा चाहे, वैसा अपने भविष्य का निर्माण स्वयं कर सकता है, आवश्यकता केवल संगठित और जागरूक होने की है. उक्त उद्गार त्योंदा खंड के सौंसेरा मंडल अंतर्गत ग्राम सतपाड़ा कलां में आयोजित हुए मंडल स्तरीय हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद, मध्य भारत प्रांत के गौ-रक्षा संयोजक निलेश अग्रवाल ने व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि जब तक हिन्दू समाज बंटा रहेगा, तब तक वह अपनी शक्ति को पहचान नहीं पाएगा. हिंदू समाज में अपार सामर्थ्य है. यदि हम ठान लें तो जैसा समाज हमें चाहिए, वैसा समाज हम स्वयं बना सकते हैं.हमें किसी और की ओर देखने की आवश्यकता नहीं है, बस अपने संस्कारों, परंपराओं और संगठन शक्ति पर विश्वास रखना होगा.सम्मेलन में मंडल के सभी ग्रामों से बड़ी संख्या में हिंदू समाजजन शामिल हुए.

**56वीं कनारा क्रिकेट ट्रॉफी** | मोहित अहलावत की 37 गेंदों में नाबाद 96 रनों की आतिशी पारी, जड़े 10 छक्के, इंडियन नेवी ने बनाया टूर्नामेंट का सर्वोच्च स्कोर (240/3), कल पहला सेमीफाइनल

# इंडियन नेवी ने खड़ा किया रनों का पहाड़, चंडीगढ़ को 136 रनों से रौंदा



नवभारत न्यूज

**विदिशा, कनारा क्रिकेट ग्राउंड पर प्रतियोगिता के लीग चरण का अंतिम मुकाबला सोमवार को इंडियन नेवी और चंडीगढ़ के बीच खेला गया. यह मैच पूरी तरह से इंडियन नेवी के नाम रहा, जिसने टूर्नामेंट के इस वर्ष का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया.चंडीगढ़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जो उन पर भारी पड़ा. इंडियन नेवी के सलामी बल्लेबाज कुंवर पाठक ( 29 रन ) और लखन सिंह ( 45 रन ) ने टीम को शानदार शुरुआत दी। शुभम ने 19 रनों का योगदान दिया. इसके बाद मैदान पर मोहित अहलावत का तूफान आया.**

मोहित ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 37 गेंदों में नाबाद 96 रन ठोक डाले.अपनी इस पारी में उन्होंने 10 गगनचुंबी छक्के और 5 चौके जड़े। वहीं, कप्तान अंशुल गुप्ता ने भी नाबाद 44 रनों की पारी खेली. इन पारियों की बदौलत इंडियन नेवी ने निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 240 रन बनाए, जो इस टूर्नामेंट का अब तक का सर्वोच्च स्कोर है. 241 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंडीगढ़ की टीम दबाव में बिखर गई और पूरी टीम 104 रनों पर ढेर हो गई। चंडीगढ़ की ओर से यशवर्धन सिंह ने 37 और प्रखर सिंह ने 25 रन बनाए. इंडियन नेवी की ओर से गेंदबाजी में लखन सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके, जबकि विशाल ठाकुर को 2 विकेट मिले. परिणामः इंडियन नेवी ने यह मुकाबला 136 रनों के विशाल अंतर से जीत लिया. मैच में 37 गेंदों पर 96 रनों की अविश्वसनीय पारी खेलने के लिए मोहित अहलावत को मैन ऑफ द मैच चुना गया. उन्हें यह पुरस्कार बालाजी ग्रुप के मयंक जैन द्वारा प्रदान किया गया.




# गायत्री प्रज्ञा पीठ में ट्रस्ट मंडल का पुनर्गठन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शहर की स्वर्णकार कॉलोनी स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ के ट्रस्ट मंडल का पुनर्गठन किया गया.इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व जिला समन्वयक मुकेश श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से मुख्य प्रबंध ट्रस्टी मनोनीत किया गया.नवगठित ट्रस्ट मंडल में डॉ. लोकेश्वरी नेमा को सहायक मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, अंबिका कुमार गांधी को कोषाध्यक्ष तथा सुमन श्रीवास्तव, प्रकाश सोनकर, शोभा पवार एवं सुषमा विश्वकर्मा को ट्रस्टी नियुक्त किया गया.

गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी संयोग श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व ट्रस्ट मंडल का तीन वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात, शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप यह प्रक्रिया भोपाल से पधारे वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न की गई.कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं गायत्री माता व गुरुदेव की पूजा-अर्चना से हुआ. इस अवसर पर भोपाल उपजोन प्रभारी रघुनाथ प्रसाद हजारी ने कहा कि युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में प्रज्ञा संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है.मुख्य अतिथि शक्तिपीठ प्रकोष्ठ प्रभारी राकेश गुप्ता ने ट्रस्ट के उद्देश्य व दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए शांतिकुंज के निर्देशानुसार नवीन ट्रस्ट मंडल एवं कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की. साथ ही देवालय, विधि एवं वित्त, आंदोलन तथा संगठन प्रबंधन समितियों का भी गठन किया गया.कार्यक्रम के समापन पर मध्य जोन के प्रांतीय प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. रमेश अभिलाषी ने सभी पदाधिकारियों से मिशन कार्यों को समर्पित भाव से आगे बढ़ाने का आह्वान किया.कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख ट्रस्टी राजा राम पवार ने की.इस अवसर पर बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे.